# नगर पालिक निगम भिलाई

## मासिक पत्रिका अक्टूबर 2025




नगर पालिक निगम भिलाई

# पेंशन हितग्राहियों का सत्यापन हेतु प्रशिक्षण दिया गया

भिलाईनगर। राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत संचालित पेंशन योजना के हितग्राहियों का सत्यापन करने निगम सभागार मे प्रशिक्षण हेतु बैठक आयोजित किया गया। सरकार द्वारा मैन्यूअली पद्धति मे बदलाव कर ऑनलाइन मोबाइल एप चालू किया हैद्य निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने हितग्राहियों का सत्यापन करने जोन के कर्मचारियों के ड्यूटी आदेश जारी किये हैद्य पेंशन हितग्राहियों का वार्षिक सत्यापन हेतु मोबाइल एप ठमदमपिबपंतल ँजलंचंद ।चच (लाभार्थी सत्यापन एप) तैयार किया गया है। इस एप के माध्यम से हितग्राहियों का वार्षिक सत्यापन किया जाना है।

लाभार्थी सत्यापन एप का प्रशिक्षण तकनीकी सहायक अशोक कश्यप के नेतृत्व मे कंप्यूटर ऑपरेटर अंजू साहू द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण मे सभी पांचो जोन के कर्मचारियों को प्रेजेंटेशन के माध्यम से एप के बारे मे विस्तृत जानकारी दी गई। पेंशन हितग्राही 07 दिवस के भीतर निगम मुख्य कार्यालय पेंशन शाखा एवं अपने नजदीकी जोन कार्यालय में जाकर सत्यापन करवा सकते है।



नगर पालिक निगम भिलाई

# सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ 6 अक्टूबर से 25 दिसम्बर 2025 तक

भिलाईनगर। सांसद खेल महोत्सव 2025 का शुभारंभ 6 अक्टूबर 2025 से किया जा रहा है। इसका मुख्य उददेश्य संसदीय क्षेत्र में जमीनी स्तर पर खेल आंदोलन का नेतृत्व करने हेतु सशक्त बनाना। यह महोत्सव मंत्रालय की दृष्टि के अनुरूप खेल संस्कृति को बढ़ावा देने, स्वदेशी एवं मुख्यधारा खेल को प्रोत्साहित करने, युवाओं की सहभागिता बढ़ाने तथा फिट इंडिया आंदोलन का समर्थन करने के लिए आयोजित किया जा रहा है। यह खेल संसदीय क्षेत्रों में योजना, क्रियान्वयन, प्रचार–प्रसार एवं विरासत निर्माण के लिए एक समान एवं उच्च मानक सुनिश्चित करेगा तथा जमीनी स्तर पर प्रतिभा की पहचान पर विशेष ध्यान देगा।

सांसद खेल महोत्सव के लिए पंजीयन की तिथि 11 सितम्बर से 25 सितम्बर 2025 तक किया जा चुका है। इसमें व्यक्तिगत खेल एथेलिटिक्स, गेड़ी, योगासन, वेटलिफ्टिंग, कुश्ती, फुगड़ी एवं सुरीली कुर्सी एवं सामूहिक खेलों में वालीबॉल, खो–खो एवं कबड्डी को शामिल किया गया है। इस खेल में महिला, पुरूष, दिव्यांग प्रतिभागी की आयु 9 से 15 वर्ष, 15 से 30 वर्ष व 30 से अधिक आयु वर्ग के प्रतिभागी शामिल हो सकते है। खेल का लेवल ग्राम पंचायत व नगरीय प्रशासन वार्ड में 6 से 10 अक्टूबर, कलस्टर व नगरीय में 11 से 17 अक्टूबर, विधानसभा क्षेत्र में 10 से 15 नवम्बर एवं लोकसभा क्षेत्रों में 23 से 25 दिसम्बर तक खेला जाएगा। नगरीय क्षेत्रों में प्रतियोगिता आयोजन के नोडल अधिकारी आयुक्त एवं नगर पालिक अधिकारी होगें। खेल के दौरान विधानसभा भिलाईनगर–65 के लिए ड्रेस कलर लाल–निला एवं वैशालीनगर–66 के लिए गुलाबी रखा गया है।

नगर पालिक निगम भिलाई शहर के प्रतिभागी एवं इच्छुक महिलाध्पुरूष से अपील करती है कि इस खेल महोत्सव में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर अपने हुनर को आगे बढ़ाने का लाभ उठावें। खेल में विजेता खिलाड़िको को पुरस्कार वितरण कर सम्मानित भी किया जाएगा।




**नगर पालिक निगम भिलाई**

# वूमन फार ट्री योजना के तहत महिला स्व–सहायता समूहो को दिया गया प्रशिक्षण

भिलाईनगर। केन्द्र सरकार की अमृत मित्र 2.0 अंतर्गत वूमन फार ट्री योजना के तहत पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली को बढ़ावा देने के उददेश्य से वृक्षारोपण कराने दिशा–निर्देश प्राप्त हुआ है। शासन के मंशानुसार महिलाओं का सहयोग लेकर प्रति महिला 100 पेड़ लगाने की योजना है, जिसके लिए प्रति महिला 8000 मानदेय केन्द्र सरकार द्वारा दिया जाना है साथ ही जियो टैगिंग का 1000 रूपये अतिरिक्त दिया जाना है।

नगर निगम भिलाई में 8 अगस्त से इस योजना की शुरूवात की गई है। महिलाओं के मानदेय भुगतान से संबंधित कुछ मांग थी, जिसके लिए महिला स्व–सहायता समूहो का निगम सभागार में बैठक आयोजित की गई। योजना के नोडल अधिकारी सह अधीक्षण अभियंता अजीत तिग्गा सहित कार्यपालन अभियंता वेशराम सिन्हा एवं उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू की उपस्थित में महिलाओं को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में बताया गया कि सभी महिला समूह जल्द ही सौंपे गए कार्य पूर्ण करें और जियो टैगिंग कर जानकारी उद्यान विभाग में प्रस्तुत करें, जिससे उनके मानदेय भुगतान हेतु शासन को भेजा जा सकें।






## नगर पालिक निगम भिलाई

# आयुक्त ने कल्याण कालेज ग्राउण्ड में इंडोर स्टेडियम बनाने के दिए निर्देश

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई जोन 05 अंतर्गत सेक्टर 07 छठ तालाब, कल्याण कालेज ग्राउण्ड, सड़क 09 उद्यान, जयंती स्टेडियम के पीछे तालाब का निरीक्षण आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा किया गयइं

निगम आयुक्त एवं जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे द्वारा सेक्टर 07 छठ तालाब का निरीक्षण किया गया। छठ त्यौहार हेतु तालाब की साफ–सफाई व्यवस्था को देखे और कार्य की प्रशंसा किए। सेक्टर 07 कल्याण कालेज ग्राउण्ड का निरीक्षण किया गया । ग्राउण्ड के भीतर इंडोर स्टेडियम का प्रस्ताव तैयार करने सहायक अभियंता प्रिया करसे को निर्देशित किए हैं। समीपस्थ सड़क 09 स्थित उद्यान की साफ–सफाई का अवलोकन किया गया, उद्यान के भीतर का फव्वारा बंद पड़ा है, जिसका संधारण कर चालू करने निर्देशित किया गया है। छठ को दृष्टिगत करते हुए जयंती स्टेडियम के पीछे बने तालाब की सफाई जल्द से जल्द कराने जोन स्वास्थ्य अधिकारी सागर दुबे को निर्देशित किए है। निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता श्वेता महेश्वर, सहायक राजस्व अधिकारी अनिल मेश्राम, स्वच्छता निरीक्षक, सुपरवाइजर उपस्थित रहे।





**नगर पालिक निगम भिलाई**

# आयुक्त ने साफ–सफाई एवं वार्ड के व्यवस्थाओं का लिए जायजा

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई जोन क्रमांक–4 खुर्सीपार अंतर्गत साफ–सफाई व्यवस्था, उद्यान, दुकान, शौचालय सहित केनाल रोड का आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा निरीक्षण किया गया।

निगम आयुक्त एवं जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे ने वार्ड 48 के शिव मंदिर के समीप उद्यान का निरीक्षण करते हुए झूला, मंच एवं प्रकाश व्यवस्था संधारण कराने सहायक अभियंता प्रिया करसे को निर्देशित किए है। वार्ड के मोहल्लों एवं बैंक लाईन के साफ–सफाई व्यवस्था का अवलोकन किया गया और प्रतिदिन कचरा उठवाने जोन स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत मांझी को निर्देशित किए हैं। जिससे पानी का बहाव निरंतर हो सके। वार्ड में दुकान संचालकों को दुकान के सामने डस्टबिन रखने को कहा गया है। कुछ दुकानदारों द्वारा अपने दुकान के सामने डस्टबिन रखा गया है। केनाल रोड में दोसा सेंटर चलाया जा रहा है, जिसके पार्किंग एवं भीड़ से रोड एवं आवागमन बाधित हो रही है। सुगम व्यवस्था के लिए जोन आयुक्त को निर्देशित किया गया है। केनाल रोड साइड घर में कोचिंग सेंटर चलाया जाता है, जिसमें लगभग 40 बच्चे पड़ने आते है। पार्किंग की कोई व्यवस्था नहीं है, मकान व्यवसायिक गतिविधि संचालित करने हेतु उचित नहीं है। उचित व्यवस्था बनाने हेतु कोचिंग संचालक को निर्देशित किया गया है।

आयुक्त द्वारा केनाल रोड के समीप सुलभ शौचालय का अवलोकन किया गया। शौचालय में लगाए गए नल की टोटी का चोरी कर लिया गया था। चोरी के समान खरीदने वाले कबाड़ संचालको के उपर कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है। केनाल रोड से लगा हुआ जोन 04 से निर्माणाधीन उद्यान का निरीक्षण किया गया। उद्यान के भीतर लगाए गए जिम सामग्रियो को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा चोरी के उददेश्य से उखाड़ कर जमीन पर रख दिया गया था। जिसका संधारण कर शीध्र लगाए जाने सहायक अभियंता को निर्देशित किया गया है। केनाल रोड के किनारे भारी वाहन चालकों द्वारा अपना वाहन खड़ा कर दिया गया है, जिसके कारण आवागमन में परेशानी आ रही थी। वाहन चालकों के उपर चालानी कार्यवाही करने सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू को निर्देशित किया गया है।





नगर पालिक निगम भिलाई

# प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों के लिए आवास ऋण मेला का आयोजन

भिलाईनगर। केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 संचालित है। शासन के निर्देशानुसार नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा शहर के मकानहीन परिवारों को इस योजना के तहत आवास आबंटित किया जा रहा है। योजना के नोडल अधिकारी सह अधीक्षण अभियंता अजीत तिग्गा ने जानकारी देते हुए बताया कि पीएम आवास के हितग्राहियो को मकान के किस्त का पैसा जमा करने में समस्या आ रही है। हितग्राहियों की समस्या को देखते हुए प्रधानमंत्री आवास के जिन हितग्राहियों को मकान के किस्त का पैसा जमा करने में समस्या आ रही है। उन हितग्राहियों के लिए बैकुण्ठधाम स्थित डॉ. भीमराव अम्बेडकर सर्व समाज मांगलिक भवन में आवास ऋण मेला का आयोजन किया गया है। बीएलसी घटक के हितग्राहियो को भी ऋण मेला में आमंत्रित किया गया है। ऋण मेला में स्वतंत्र बैंक, इजी होम लोन फाइनेंश, आवास लोन फाइनेंश, जना बैंक फाइनेंश के कर्मचारी कम ब्याज दर पर आवास ऋण उपलब्ध कराने हितग्राहियों से संपर्क कर रहे है। आवास ऋण मेला में लगभग 130 हितग्राही शामिल हुए जिनमे से 12–13 हितग्राही ऋण की श्रेणी में आये है। आवास ऋण मेला में कार्यपालन अभियंता कुलदीप गुप्ता, सहायक अभियंता नितेश मेश्राम, आवास प्रभारी विदयाधर देवांगन, सीएलटीसी किरण चतुर्वेदी, उत्पल शर्मा, अभिषेक बजाज, संभागीय सीएलटीसी जीवन ताम्रकार सहित आवास विभाग से जागेश्वर साहू, महेत्तर सोनी, एम मोहन राव उपस्थित रहे।





**नगर पालिक निगम भिलाई**

# भिलाई निगम के रिक्त प्लॉट की निविदा में भाग लेने की अंतिम तिथि 03 नवंबर

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत विभिन्न आवासीयध्व्यावसायिक प्रयोजन हेतु रिक्त भूखण्डों का अंतरण 30 वर्षीय लीज पर दिया जा रहा है, न्यूनतम दर का निर्धारण निगम द्वारा निर्धारित ऑफसेट मूल्य अनुसार है। दिनांक 13.10.2025 को लीज हेतु आनलाईन निविदा जारी किया गया है। निविदा में भाग लेने के लिए निविदाकार को आनलाईन वेबसाइट में पहले पंजीयन करना होगा तथा स्वयं का डिजिटल सिग्नेचर टोकन तैयार करना होगा।

डिजिटल सिग्नेचर टोकन बनवाने पश्चात पोर्टल में पंजीयन से प्राप्त आई. डी. व पासवर्ड एवं डिजिटल सिग्नेचर टोकन पिन के माध्यम से निविदा प्रक्रिया में भाग लिया जा सकता है। निविदा 30 वर्षीय स्थायी लीज पर प्राप्त अधिकतम प्रब्याजि के लिए आमंत्रित की जा रही है। तथा निविदाकार को निगम द्वारा निर्धारित ऑफसेट मूल्य का 10ः राशि धरोहर राशि के रूप में ऑनलाइन जमा करना होगा। प्राप्त अधिकतम प्रब्याजि राशि पर आवासीय प्रयोजन हेतु 0.30 प्रतिशत एवं व्यावसायिक प्रयोजन हेतु 0.60 प्रतिशत वार्षिक भू–भाटक देय होगा।

रिक्त भूखण्डों का आकार, आफसेट मूल्य, धरोहर राशि एवं सामान्य शर्ते वेबसाईट https://eproc-cgstate-gov-in]www-bhilainagarnigam-com, www.uad.cg.gov.in पर देखी व डाउनलोड की जा सकती है। रिक्त भूखण्डों में मोतीलाल नेहरू नगर आवासीय योजना के 10 भूखण्ड, दक्षिण गंगोत्री व्यावसायिक योजना के 10 भूखण्ड, मदर टेरेसा नगर आवासीय योजना के 07 भूखण्ड, शिवाजी नगर आवासीय योजना के 13 भूखण्ड, प्रियदर्शिनी परिसर पश्चिम व्यावसायिक योजना के 04 भूखण्ड एवं जवाहर नगर आवासीय योजना के तहत 06 भूखण्डों को शामिल किया गया है। इस तरह सभी स्थलों को मिलाकर 36 आवासीय एवं 14 व्यावसायिक कुल 50 भूखण्डों को लीज पर दिये जाने हेतु निविदा आमंत्रित की गई है।

# आयुक्त ने निर्माणाधीन SLRM सेंटर का किए निरीक्षण

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई जोन 04 खुर्सीपार अंतर्गत पंडित दीनदयाल स्टेडियम, निर्माणाधीन एस.एल.आर.एम. सेंटर, सामुदायिक भवन, सुलभ शौचालय, सहित निगम स्वामिस्व के भूखण्डों का निरीक्षण आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया। निगम आयुक्त एवं जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे ने खुर्सीपार स्थित पंडित दीनदयाल स्टेडियम का निरीक्षण किये। स्टेडियम परिसर खेल ग्राउण्ड का निरीक्षण कर आवश्यक संधारण हेतु चर्चा किये। शौचालय का आवश्यक संधारण कराने निर्देशित किया गया है, जिससे दुकानों के संचालन में किसी भी प्रकार का दिक्कत न हो । स्टेडियम परिसर के सभी दुकानों हेतु पूर्व में रुचि की अभिव्यक्ति जारी की गई थी । महापौर परिषद से पारित संकल्प अनुसार दुकानों का पुनः रुचि की अभिव्यक्ति जारी की जाएगी । आयुक्त ने निर्माणाधीन एस.एल.आर.एम. सेंटर का अवलोकन करते हुए कार्य शीध्र पूर्ण करने निर्देशित किये हैं। समीपस्थ सुलभ शौचालय का निरीक्षण कर पानी एवं सफाई व्यवस्था बनाये रखने केयरटेकर को निर्देशित किया गया है। शिव मंदिर के समीप नवीन सामुदायिक भवन का निर्माण किया गया है, जिसका अवलोकन आयुक्त द्वारा किया गया। शासकीय उपयोग हेतु निगम स्वामित्व के भूखण्ड का निरीक्षण आयुक्त द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता संजय कुमार वर्मा, सहायक अभियंता प्रिया करसे, उपअभियंता चंद्रकांत साहू, सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू, बिजेन्द्र सिंह परिहार, जोन स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत मांझी, स्वच्छता निरीक्षक अतूल यादव एवं सुपरवाईजर वेकंट सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।





## नगर पालिक निगम भिलाई

# निगम प्रशासन ने 3 कर्मचारियों को दी स–सम्मान विदाई

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई निगम में 62 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके 3 कर्मचारियों को ससम्मान विदाई दी गई। निगम प्रशासन की ओर से कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह, शॉल और श्रीफल भेंट करते हुए सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों की अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना किए। इसके पूर्व सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों ने भिलाई निगम में सेवाकाल के दौरान कार्य एवं अनुभव को साझा करते हुए सभी को सामंजस्य बनाकर कार्य करने के लिए प्रेरित किए। निगम आयुक्त राजीव कुमार पांडेय ने गुप्तानंद तिवारी पम्प सहायक, विक्रम सिंह मजदूर एवं उर्मिल दास चंदेल सफाई कामगार को निगम प्रशासन की ओर से स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए।

बिदाई कार्यक्रम में अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।






**Editorial Board**

**श्री राजीव कुमार पाण्डेय**
**रा.प्र.से.**
**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम**
**भिलाई**

**Contact & Address**

**श्री तिलेश्वर साहू**
**प्रभारी जनसंपर्क अधिकारी**
**नगर पालिक निगम**
**भिलाई**